(a) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
(b) गोवा
(c) जोधपुर
(d) मुम्बई

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (c) – भारतीय एंव फ्रांसीसी वायु सेना का सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट नाइट-21' का आयोजन जनवरी, 2021 में जोधपुर में आयोजित किया गया था। इस अभ्यास में दोनों ही देशों की वायु सेनाओं में राफेल विमान शामिल थे। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा अभ्यास- वरूण-नौसेना, गरूड़-वायुसेना तथा शक्ति-सेना अभ्यास आदि हैं।

138. निम्नांकित को सुमेलित कीजिए-

विकास संस्था	स्थापना वर्ष
(i) राजस्थान वित्त निगम	(1) 1959
(ii) राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम	(2) 1964
(iii) राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम	(3) 1980
(iv) काजरी	(4) 1955

कूट :

(a) (i)- (1) (ii)-(2) (iii)-(3) (iv)- (4)
(b) (i)- (4) (ii)-(3) (iii)-(2) (iv)- (1)
(c) (i)- (1) (ii)-(4) (iii)-(3) (iv)- (2)
(d) (i)- (3) (ii)-(2) (iii)-(4) (iv)- (1)

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (b) – सही सुमेलित है-

विकास संस्था		स्थापना वर्ष
राजस्थान वित्त निगम	-	1955
राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम	-	1980
राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम	-	1964
काजरी	-	1959

139. शेखावाटी प्रदेश के कौन से जिले में कोई भी नदी नहीं पायी जाती है?

(a) झुन्झुनू (b) चुरू
(c) सीकर (d) नागौर का उत्तरी भाग

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (b) – शेखावाटी प्रदेश के चुरू जिले में एक भी नदी नहीं पायी जाती है। शेखावटी, उत्तरी राजस्थान में स्थित है, जिसमें झुंझुनू, सिकर, चुरू और जयपुर जिले शामिल है। यह उत्तर पश्चिम में बीकानेर क्षेत्र उत्तर-पूर्व में हरियाणा, पूर्व में मेवाड़, दक्षिण पूर्व में धुंसार दक्षिण में अजमेर और दक्षिण पश्चिम में मारवाड़ क्षेत्र से घिरा है।

140. निम्न में से कौन सा युग्म सही नहीं है?

(a) रूडा राज्य में शहरी गैर-कृषि क्षेत्र के संवर्धन की एजेन्सी
(b) रीको राज्य में औद्योगीकरण के विकास का सर्वोच्च संगठन
(c) राजसीको लघु पैमाने के उद्योगों को विपणन में सहायता प्रदान करने वाली एजेन्सी
(d) आर.एफ.सी उद्योगों को रु. 20 करोड़ तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली एजेन्सी

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (a) – रूडा (RUDA) राज्य में शहरी गैर कृषि क्षेत्र के संवर्धन की एजेंसी का युग्म सही नहीं है। रूडा राज्य में ग्रामीण सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष एजेंसी के रूप में नवम्बर, 1995 में स्थापित की गयी थी। यह राज्य में ग्रामीण गैर कृषि (RNFS) बढ़ावा देने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी है। रूडा ग्रामीण सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक उप क्षेत्रीय, एकीकृत और क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण का पालन करता है। रूडा को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। इसे अपने काम काज में एक निश्चित स्वायत्तता और लचीलापन देता है।

141. राजस्थान के कृष्णा नागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः

1. वह जयपुर जिले से संबंधित हैं।
2. उन्होंने टोक्यो पैरालिम्पिक्स में स्वर्ण पदक जीता।
3. उन्होंने पैरा-बैडमिंटन पुरुष एकल SH3 प्रतियोगिता में पदक जीता।
4. उन्हें गौरव खन्ना द्वारा प्रशिक्षण मिला।

उपर्युक्त में से कौन से सही हैं?

(a) 2,3, और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 3, और 4

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b) – कृष्णा नागर राजस्थान के जयपुर जिले से संबंधित हैं। इन्होंने टोक्यो पैरालम्पिक बैडमिंटन पुरुष एकल SH-6 मुकाबले के फाइनल में हांगकांग के चू मन काई को हराकर स्वर्ण पदक जीता। कृष्णा नागर के प्रशिक्षण गौरव खन्ना हैं।

142. वर्तमान में राजस्थान में जल की कौनसी समस्या सर्वाधिक चिंताजनक बनती जा रही है-

(a) अन्ध और धूसर क्षेत्रों की बढ़ती संख्या
(b) जल का अति विदोहन
(c) जल का बढ़ता प्रदूषण
(d) जल की बढ़ती लवणता

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016